हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, मंगलवार 26 मई 2026

11 सरपंच पर निर्माण कार्य अधूरे छोड़ने का आरोप...



12 चानौत धरने पर पहुंचे विधायक, ग्रामीणों ने...



## खबर संक्षेप

### जन परिवाद समिति की बैठक 29 को

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 29 मई 3 बजे आयोजित की जाएगी। नगराधीश सुभाष चंद्र ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे। बैठक में गत बैठकों के लंबित परिवाद के अलावा हाल ही में आमजन द्वारा दिए गए परिवादों को भी रखा जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### रेवाड़ी-हिसार रेलवे ट्रैक पर सेवाएं रहेंगी प्रभावित

**हिसार।** उत्तर पश्चिम रेलवे के रेवाडी-हिसार रेलखंड पर मनहेरू स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज गर्डर कार्य के लिए ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है। इस कार्य के चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण गाड़ी संख्या 54787, भिवानी-रेवाडी रेलसेवा 3 अगस्त व 4 अगस्त को (2 ट्रिप) रद रहेगी। गाड़ी संख्या 59632, रेवाडी-हिसार रेलसेवा 2 अगस्त व 3 अगस्त को (2 ट्रिप) रद रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 59631, हिसार- रेवाडी रेलसेवा 3 व 4 अगस्त को (2 ट्रिप) रद रहेगी। आंशिक रद सेवाओं में गाड़ी संख्या 54782, रेवाडी-बठिण्डा रेलसेवा 3 व 4 अगस्त को रेवाड़ी के स्थान पर भिवानी से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा रेवाडी-भिवानी के मध्य आंशिक रद रहेगी।

### हिसार-खड़की साप्ताहिक ट्रेन का किया विस्तार

**हिसार।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु हिसार-खड़की-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 04725/04726, हिसार-खड़की-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में हिसार से 7 जून से 12 जुलाई तक (6 ट्रिप) एवं खड़की से दिनांक 8 जून से 13 जुलाई तक (6 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है।

### 7.23 ग्राम हेरोइन के मामले में दो तस्कर काबू

**हिसार।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हिसार यूनिट ने दो नशा तस्करों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान समीर वासी टिब्बा दानासेर व उसके साथी विनीत वासी गांव टोकस के रूप में हुई है। एसआई सत्यपाल सिंह ने बताया कि एएसआई जसबीर सिंह और उनकी टीम को मुखबिर खास से गुप्त सूचना मिली कि समीर व उसका विनीत मिलकर चिट्टा तस्करी का काम करते है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को काबू किया और उनके कब्जे से 7.23 ग्राम हेरोइन बरामद की।

# महंगाई का झटका: 10 दिन में चार बार बढ़े दाम, पेट्रोल 7.62 और डीजल 7.54 रुपये महंगा

# पेट्रोल के बाद अब डीजल भी शतक के करीब

### जनता पर बढ़ा महंगाई का बोझ टैक्स में राहत देने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पिछले दस दिनों से पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि का दौर लगातार जारी है। हिसार शहर की बात करें तो पिछले दस दिन में पेट्रोल 7.62 तथा डीजल 7.54 रुपये महंगा हो चुका है। दस दिनों में चौथी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल के रेट में वृद्धि का दौर अभी रुकने वाला नहीं है। ऐसे में ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि से महंगाई दर पर भी असर पड़ेगा। आम आदमी की जेब पर बढ़ते बोझ के कारण बाजार में खरीदारी की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। लोगों ने सरकार से पेट्रोल और डीजल पर टैक्स में राहत देने की मांग की है ताकि आम जनता को कुछ राहत मिल सके।

सिटी पल्स

### खाद्य पदार्थों और अन्य जरूरी सामान पर असर

शहर में 14 मई तक पेट्रोल व डीजल के दाम लंबे समय से ठहराव की स्थिति में थे। जैसे ही 15 मई की सुबह जब लोग आंख मलते हुए उठे तो उन्होंने अपने मोबाइल फोन पर में पेट्रोल व डीजल के दामों में 3-3 रुपये की वृद्धि के मैसेज देखे। मैसेज देखने के बाद आंख मलना बंद हो गया और पेट्रोल-डीजल के दामों के कारण रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों को लेकर चिंता सताने लगी। मध्यम वर्ग तथा रोजाना वाहन से आवागमन करने वाले लोगों ने बढ़ी हुई कीमतों के अनुसार अपने बजट में कटौती करने शुरू की थी कि तेल कंपनियों ने 19 मई को पेट्रोल में 86 तथा डीजल में 91 पैसे की और वृद्धि कर दी। इस वृद्धि के साथ पेट्रोल 100 रुपये के पार पहुंच गया। वृद्धि का दौर यही नहीं थमा और तेल कंपनियों ने 23 मई को फिर से पेट्रोल में 86 तथा डीजल में 91 पैसे महंगा कर दिया। तेल कंपनियों ने 25 मई को पेट्रोल में 2.60 रुपये तथा डीजल में 2.72 रुपये की वृद्धि कर आम और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी। तेल कंपनियों ने 10 दिनों में पेट्रोल में कुल 7.62 रुपये और डीजल में 7.54 रुपये की वृद्धि करके मध्यम वर्ग तथा रोजाना वाहनों पर आवागमन करने वालों लोगों को हिला कर रख दिया है। अगले एक सप्ताह में ट्रांसपोर्ट, बस-ऑटो रिक्शा किराया, कृषि लागत में वृद्धि होने की प्रबल संभावना रहेगी। ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि डीजल महंगा होने से माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है, जिसका सीधा असर बाजार में खाद्य पदार्थों और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर दिखाई देने लगा है।



### जानिए... कब कैसे बढ़ीं कीमतें

| तारीख | पेट्रोल | बढ़े दाम | डीजल | बढे दाम |
|---|---|---|---|---|
| 14 मई | 96.21 | 00.00 | 88.63 | 00.00 |
| 15 मई | 99.21 | 03.00 | 91.63 | 03.00 |
| 19 मई | 100.07 | 86 पैसे | 92.54 | 91 पैसे |
| 23 मई | 100.93 | 86 पैसे | 93.45 | 91 पैसे |
| 25 मई | 103.53 | 2.60 | 96.17 | 2.72 |

### कच्चे तेल के दामों में उतार-चढ़ाव बड़ी वजह

विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे। जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का दौर जारी रहेगा तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें में और भी वृद्धि होने के आसार बने रहेंगे।

### जनता में भारी नाराजगी : गर्ग

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश में बार-बार पेट्रोल व डीजल के दामों में की बढ़ोतरी से जनता में बड़ी भारी



नाराजगी है। पेट्रोल व डीजल के दामों की बढ़ोतरी से ट्रांसपोर्ट पहले से महंगी हो गई है। पेट्रोल व डीजल के दामों की बढ़ोतरी का असर देशभर में आम जनता पर पड़ा है। पेट्रोल व डीजल के दामों की बढ़ोतरी से हर सामान पहले से महंगा हो गया है। गर्ग ने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि देश में पेट्रोल, डीजल व एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और कोई भी दामों में बढ़ोतरी नहीं होगी। चुनाव खत्म होते ही केंद्र सरकार ने 5 किलो वाला गैस सिलेंडर पर 261 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर पर 993 रुपये दामों की भारी भरकम बढ़ोतरी करके जनता पर आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। इसी प्रकार पेट्रोल व डीजल पर लगातार चार बार दामों में बढ़ोतरी करने से सरकार के प्रति जनता में नाराजगी है।

### साढ़े तीन साल से नाइट व अन्य भत्ते लंबित होने से गुस्साए रोडवेज कर्मचारी

# 4 घंटे चक्का जाम

### जीएम के खिलाफ की नारेबाजी तपती गर्मी में भटकते रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पिछले साढ़े तीन साल से लंबित नाइट, एलटीसी, मेडिकल बिल व अन्य मांगों के हल न होने से गुस्साए रोडवेज कर्मचारियों ने सोमवार को हिसार डिपो के गेट बंद करके जाम लगा दिया। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चले जाम के दौरान प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी जाम खुलवाने या कर्मचारियों से बातचीत करने नहीं आया वहीं निजी वाहनों ने जमकर चांदी कूटी। चक्का जाम के चलते यात्रियों को भारी परेशानी हुई और वे अपने गंतव्य को जाने के लिए इधर-उधर वाहनों की तलाश में घूमते नजर आए।

रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों के हल के लिए चार घंटे तक चक्का जाम किया। कर्मचारियों ने रोडवेज जीएम और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। बार-बार नोटिस देकर रोडवेज जीए व प्रशासन को चक्का जाम के प्रति चेताया गया लेकिन उनके कानों पर जूं नहीं रेंगी तो उन्हें मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा। कर्मचारियों ने चेताया कि यदि अब भी महाप्रबंधक व उच्चाधिकारी उनकी समस्याओं का हल नहीं करते हैं तो उन्हें और बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहना चाहिए।

अपने चक्का जाम की घोषणा के तहत कर्मचारी सुबह से ही रोडवेज डिपो परिसर में कर्मचारी एकत्रित होने लगे थे। कर्मचारियों का कहना था कि वे पिछले 10 दिनों से धरना देकर मांगे व समस्याएं उठा रहे हैं लेकिन सरकार और विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। कर्मचारियों ने कहा कि कई बार ज्ञापन देने और अधिकारियों से बातचीत करने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इसी के विरोध में उन्हें चक्का जाम का रास्ता अपनाना पड़ा।



#### ऐन मौके पर भेजा संदेश

कर्मचारियों ने 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चक्का जाम का अल्टीमेटम दे रखा था लेकिन महाप्रबंधक ने औपचारिकतावश ऐन मौके पर 10 बजे ही प्रदर्शनकारियों को बातचीत के लिए संदेशा भेजा, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। उनका कहना था कि ऐन मौके पर बातचीत की बात कहकर महाप्रबंधक उनके आंदोलन को तारपीड़ो करना चाहते हैं, यदि उनकी नीयत ठीक होती तो वे सुबह 9 बजे भी संदेश भेज सकते थे या फिर एक दिन पहले भी बात करके चक्का जाम को टाल सकते थे।

#### मांग मुख्यालय स्तर की : जीएम

कर्मचारियों द्वारा किए गए चक्का जाम बारे बातचीत किए जाने पर महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने कहा कि कर्मचारी पिछले 10 दिनों से धरना दे रहे थे और सोमवार को उन्होंने जाम लगा दिया। वास्तव में कर्मचारियों की मांगे मुख्यालय स्तर की है, डिपो की ओर से कुछ भी पेंडिंग नहीं है। हमने दो दिन बार आंदोलनकारियों से बात करते हुए मुख्यालय को उनकी मांगों से अवगत करवाया और कर्मचारियों को आश्वासन भी दिया कि इसके लिए टाइम चाहिए लेकिन कर्मचारी मानने को तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि डिपो स्तर की कोई मांगे लंबित हो तो वे अब भी बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन मुख्यालय स्तर की मांगे व समस्याएं मुख्यालय से ही दूर होंगी।

#### यात्रियों की परेशानी

रोडवेज कर्मचारियों द्वारा बसों का चक्का जाम कर दिए जाने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। वे बसों व अन्य वाहनों की तलाश में इधर-उधर घूमते नजर आए। गनीमत रही कि अन्य डिपुओं की बसें बस अड्डे के बाहर से ही इधर-उधर जाती रही और निजी बसें व अन्य वाहन भी चलते रहे, जिस वजह से यात्रियों को कुछ राहत मिली। चक्का जाम से परेशान मीना व लाजवंती ने बताया कि उन्हें बसें नहीं मिलने से भटकना पड़ रहा है। न जाने कब कर्मचारियों को आंदोलन खत्म होगा और कब हम अपने घर जा सकेंगी। रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए निजी बस संचालकों व अन्य वाहन चालकों ने जमकर चांदी कूटी और वे अपने वाहनों को विभिन्न रूटों पर ले जाने लगे। अधिकारियों ने भी उन्हें रोकने का प्रयास नहीं।





### पत्नी की हत्या के दोषी को उम्रकैद व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मधुलिका की अदालत ने महिला की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए उसके पति अशोक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत में चले मामले के अनुसार इस संबंध में हांसी शहर पुलिस ने वर्ष 2024 में मृतका सोनिका की बहन संतोष की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायत में ढाणी ठाकरिया निवासी संतोष ने बताया था कि उसकी बड़ी बहन सोनिका की शादी साल 2015 में अशोक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उन दोनों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था।

संतोष ने बताया कि 27 सितंबर 2024 को सुबह करीब 3.45 बजे वह कमरे से बाहर आई तो उसने अपने जेठ अशोक को बैग लेकर तेजी से बाहर जाते देखा। उसे देखकर अशोक भाग निकला। शक होने पर कमरे में जाकर देखा तो सोनिका बैड पर खून से लथपथ बेहोश पड़ी थी। उसके सिर से खून बह रहा था और पास में लोहे का रुम्बा पड़ा हुआ था। उसके बाद पड़ोसियों की मदद से सोनिका को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संतोष के बयान पर केस दर्ज कर अशोक को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में अदालत ने अशोक को गत शुक्रवार को दोषी ठहराया था, जिसे सोमवार को सजा सुनाई गई।

### 150 ग्राम अफीम व कार समेत तस्कर गिरफ्तार

**नारनौंद।** सीआईए नारनौंद टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 150 ग्राम अफीम सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद करने के साथ-साथ सप्लाई में इस्तेमाल की जा रही कार को भी कब्जे में लिया है। अफीम के पकड़े गए आरोपी की पहचान भिवानी के गांव सीपर निवासी गुरविंदर के रूप में हुई है।

एएसआई सुशील ने बताया कि गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने हिसार रोड स्थित हीरो एजेंसी के पास नाकाबंदी कर एक संदिग्ध कार को रुकवाकर चालक से पूछताछ की गई। चालक ने अपनी पहचान गुरविन्द्र निवासी गांव सीपर, जिला भिवानी के रूप में बताई। उसकी तलाशी ली गई तो उसकी जेब से 150 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने बरामद अफीम को कब्जे में लेने के साथ सप्लाई में इस्तेमाल कार को भी जब्त कर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

### भोजनालय का 34 वर्षीय वेटर कमरे में मृत मिला

**हिसार।** शहर में बस अड्डे के सामने एक भोजनालय पर काम करने वाले 34 वर्षीय युवक अनुज का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार रात 11 बजे कमरे में पड़ा मिला। भोजनालय मालिक ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सीन आफ क्राइम की टीम ने सोमवार को भोजनालय और शवगृह में पहुंचे कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस का कहना है कि विसरा आदि जांच के लिए फोरेंसिक लैब में भेजा जाएगा ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। बताया जा रहा है कि मृतक अनुज मूलरूप से जींद के पालिका बाजार का रहने वाला था और कुछ समय से बस अड्डे के सामने एक भोजनालय में वेटर का काम करता था। काम के बाद वह वहीं पर ऊपर बने कमरे में अन्य कारिंदों के साथ रहता था। दो दिन पहले वह यह कह कर वहां से निकला था कि वह अपने घर जा रहा है। उसके बाद वह वहां से चला गया। रविवार रात करीब 11 बजे वहां पर काम करने वाले कारिंदें अपने कमरे में पहुंचे तो वहां पर अनुज मृत मिला।

### अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

- आरोपियों से पांच लाख नकद, फर्जी दस्तावेज, एटीएम किट, पासबुक एवं बैंकिंग सामग्री बरामद
- खुद को विभिन्न संस्थाओं का अधिकारी बता विश्वास में लेकर करते थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को फोन कर स्वयं को विभिन्न संस्थाओं का अधिकारी बताकर विश्वास में लेते थे और फंड ट्रांसफर एवं प्रोसेसिंग के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा करवा धोखाधड़ी करते थे।

एएसपी मयंक मुदगिल ने बताया कि साइबर टीम तकनीकी अनुसंधान, खातों की गहन जांच एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई कर आरोपियों तक पहुंची। जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी आधार, पैन कार्ड, फर्जी सिम एवं फर्जी दस्तावेजों के से बैंक खाते खुलवाकर साइबर धोखाधड़ी का नेटवर्क चला रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पश्चिमी बंगाल के हावड़ा निवासी मोहम्मद मोशिरूल हकर उर्फ उत्सव उपाध्याय, मुंबई के भरत जनक सिंह कापडिया उर्फ राम प्रसाद नाना मुंबई, पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर के सुभाष कुमार व दिल्ली के लक्ष्मी नगर के साहिल गुसाई के रूप में हुई है।



#### फर्जी फिंगर प्रिंट तैयार करने का सामान भी मिला

पुलिस ने आरोपियों से 24 चेक बुक, 12 एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, पांच लाख नकद, दो कंप्यूटर सैट, प्रिंटर, 28 फिनो इंस्टा एटीएम किट, चार एनएसडीएल इंस्टा एटीएम किट, 18 पास बुक, 9 एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, पैन कार्ड सिल्ड 18 बरामद हुए हैं। एएसपी ने बताया कि जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से फर्जी अंगुल छाप तैयार करने संबंधी उपकरण एवं सामग्री भी बरामद हुई है, जिनका उपयोग बैंकिंग एवं पहचान सत्यापन प्रक्रिया में धोखाधड़ी करने के लिए किया जाता था। आरोपी विभिन्न बैंक खातों में ठगी की राशि ट्रांसफर कर एटीएम विड्रॉल, आरटीजीएस एवं नकद निकासी के माध्यम से रकम को इधर-उधर स्थानांतरित करते थे। एएसपी के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह कई राज्यों में सक्रिय होकर लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना रहा था। पुलिस द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है तथा गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों एवं बैंक खातों के संबंध में जांच जारी है।

### विश्वविद्यालय ने शुरू की नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया

# एचएयू में एडमिशन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर



कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 15 जून जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस, बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट, बीएससी (आनर्स) फिजीकल साइंसिज़, बीएससी (आनर्स) लाइफ साइंसिज़ व बीटेक बायोटेक्नोलोजी में दाखिला 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेस टेस्ट (मैन) 2026 और एलईईटी 2026 की मेरिट के आधार पर होगा।

#### इन प्रोग्राम में होंगे स्नातकोत्तर व पीएचडी में दाखिले

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेस टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्री.मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस/फलोरिकल्चरल एंड लेंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलोजी, प्लांट पैथोलॉजी, इंटोमोलॉजी, सीड साइंस एवं टेक्नोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, पीएचडी इन एग्रीबिजनेस मेनेजमेंट व बिजनेस मैनेजमेंट शामिल है। मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैथेमेटिक्स, माइक्रो-बायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलोजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिसटिक्स व जूलॉजी कोर्स शामिल है। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपारेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड एंड न्यूट्रिशियन, ह्यूमन डेवलेपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कन्ज्यूमर साइंस कोर्सिज शामिल है। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग, सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, रिन्यूऐबल एनर्जी इंजीनियरिंग व प्रोसेसिंग एंड फूड इंजीनियरिंग कोर्स शामिल है। कॉलेज ऑफ बायो-टेक्नोलॉजी में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी, बायो नैनोटेक्नोलोजी व इंडस्ट्रीयल बायोटेक्नोलोजी जबकि पीएचडी के लिए बायोइंफोरमेटिक्स, मोलेक्यूलर बायोलॉजी एंड बायो-टेक्नोलॉजी व एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी कोर्सिज के लिए इच्छुक विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिश इंजीनियरिंग, फिशरीज एक्सटेंशन व फिशरीज इकोनॉमिक्स तथा पीएचडी में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिशरीज इकोनॉमिक्स व फिशरीज एक्सटेंशन विषय शामिल हैं।

#### इन पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में होंगे एडमिशन

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम में रिमोट सेसिंग एंड जियोग्रेफिकल इनफोरमेशन, सिस्टम (जीआईएस) एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर एंड इन्वायरमेंट, हयूमन न्यूट्रीशन एंड डाइटेटिक्स व स्पोर्टस न्यूट्रीशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए आवेदन की फीस 1500 रुपये जबकि अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) उम्मीदवारों के लिए 375 रुपये होगी।

### राजकीय महाविद्यालय बरवाला में भी स्नातक के दाखिले शुरू

#### प्राचार्य और नोडल अधिकारियों ने जारी किया पूरा शेड्यूल व सीटों का विवरण

**बरवाला।** उच्चतम शिक्षा निदेशालय के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय बरवाला में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक कक्षाओं की ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। महाविद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ढांडा ने विद्यार्थियों के नाम संदेश जारी करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास और उन्हें रोजगारपूरक शिक्षा देना ही हमारे महाविद्यालय का मुख्य ध्येय है। नए सत्र में दाखिला लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं का हम स्वागत करते हैं। दाखिला नोडल अधिकारी सुकेश ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए कॉलेज में उपलब्ध कुल सीटों की आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष बीए में 320, बीकॉम में 240 तथा बीबीए में 60 सीट निर्धारित की गई है। इसके अलावा बीएससी नॉन-मेडिकल में 60 और बी.एससी. नॉन-मेडिकल विद कंप्यूटर साइंस में 40 सीट निर्धारित की गई है। सहायक नोडल अधिकारी पंकज रहेजा ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अवधि 31 मई तक है और आवेदन फॉर्म में सुधार 1 जून तक है तथा ऑनलाइन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 6 जून तक है। उन्होंने कहा कि प्रथम मेरिट लिस्ट 10 जून को प्रोविजनल और 11 जून को फाइनल लगाई जाएगी तथा फीस जमा करने की तिथि 12 जून से 15 जून तक है। द्वितीय मेरिट लिस्ट 16 जून को प्रोविजनल और 17 जून को फाइनल लगाई जाएगी। फीस जमा करने की तिथि 18 जून से 22 जून तक है। बची हुई सीटों के लिए 24 जून से फिजिकल काउंसलिंग शुरू होगी।



विशेषः अंतरराष्ट्रीय अभिभावक दिवस, 1 जून

# अपने बच्चों के प्रति माता-पिता का निस्वार्थ-अनमोल प्रेम

माता-पिता अपने बच्चों की खुशी और सफलता के लिए अपनी सारी इच्छाएं त्याग देते हैं। बच्चों की खुशी में ही उन्हें खुशी मिलती है। उनका यह निस्वार्थ प्रेम बहुत अनमोल होता है। इसे अभिभावक दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मानते हैं।

कवर स्टोरी



डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री

रात के करीब ग्यारह बजे हैं। घर के लगभग सभी सदस्य सो चुके हैं, सिवाय दो लोगों के। मां टेंथ में पढ़ने वाली बेटी की यूनिफॉर्म प्रेस कर रही थी, लेकिन उसका ध्यान बार-बार दरवाजे की ओर चला जा रहा था। भीतर ही भीतर उसका मन भी घबरा रहा था, क्योंकि बेटा, जो इस वर्ष ही कॉलेज पहुंचा है, अभी तक घर नहीं लौटा है। ड्राइंगरूम में बैठे पिता शायद चौथी बार मुख्य दरवाजे तक जाकर लौटे हैं। रात बढ़ती जा रही है। फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। वह कभी घड़ी देखते, कभी मोबाइल स्क्रीन और फिर चुपचाप दरवाजे की ओर नजर उठा देते।

## बच्चों को अपनी जिम्मेदारी का बोध नहीं



यह दृश्य किसी एक घर का नहीं है। यह उन असंख्य भारतीय परिवारों का परिचित दृश्य है, जहां माता-पिता की रातें बच्चों की चिंता में ही बीतती हैं। लेकिन बच्चों की दुनिया में इन बातों का अर्थ अकसर बिल्कुल अलग होता है। उनके लिए रात तक जागकर उनका प्रोजेक्ट तैयार करना, यूनिफॉर्म प्रेस करना या सुबह जल्दी उठकर पसंद का टिफिन बनाना, घर की सामान्य दिनचर्या का हिस्सा है। कहीं-न-कहीं उन्हें यह सब अपना अधिकार या उससे भी अधिक, माता-पिता की जिम्मेदारी लगता है। लेकिन ठीक इसके विपरीत उन्हें किसी भी तरह की रोक-टोक, पूछताछ या अनुशासन सहज स्वीकार नहीं होता। वे कितनी देर में घर लौटेंगे, किस दोस्त के पास जा रहे हैं, इतनी देर तक फोन पर क्यों बात कर रहे हैं या पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे जैसे सवाल उन्हें अनावश्यक हस्तक्षेप और बंदिश जैसा लगने लगता है। बच्चे यह तो चाहते हैं कि उनकी हर जरूरत बिना कहे पूरी हो जाए, लेकिन उनसे समय, अनुशासन या जवाबदेही की अपेक्षा की जाए तो उन्हें दिक्कत लगने लगती है। शायद यही कारण है कि हर पीढ़ी अपने माता-पिता के प्रेम को सबसे पहले सुविधा की तरह देखती है, त्याग की तरह नहीं। क्योंकि जो चीज हमें हर दिन बिना मांगे मिलती रहती है, उसका मूल्य अकसर बहुत देर से समझ में आता है।

## सबसे पहले छूटती है माता-पिता की नींद



सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह मानते हैं, एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए प्रतिदिन सात से आठ घंटे की नींद आवश्यक है। लेकिन माता-पिता बनने के बाद शायद यह सिद्धांत सबसे पहले टूटता है। बच्चे छोटे होते हैं तो मां उनकी हल्की-सी करवट से भी जाग जाती है। बच्चे बड़े हो जाते हैं तो चिंता का स्वरूप बदल जाता है, लेकिन चिंता समाप्त नहीं होती। तब माता-पिता की नींद कभी उनके एग्जाम की चिंता में टूटती है, कभी देर रात तक घर न लौटने की बेचैनी में और कभी उनके भविष्य को लेकर उठते अनगिनत सवालों में। शायद इस संसार में माता-पिता और संतान का रिश्ता ही एक ऐसा अनूठा रिश्ता है, जहां स्वयं की कोई अलग खुशी नहीं रह जाती। बच्चा मुस्कुराता है तो माता-पिता मुस्कुराते हैं, बच्चा परेशान होता है तो भीतर ही भीतर वे भी परेशान हो उठते हैं। बच्चे की छोटी-सी उपलब्धि उन्हें गर्व से भर देती है और उसका छोटा-सा तनाव भी उनकी रातों की नींद छीन लेता है।

## माता-पिता छोड़ देते हैं अपनी इच्छाएं

'मैं आज जो कुछ भी हूं, अपने माता-पिता की वजह से हूं। मेरी मां सुबह बहुत जल्दी उठ जाती थीं, क्योंकि मुझे प्रैक्टिस के लिए जाना होता था। वह मेरे लिए खाना बनाती थीं। वह मुश्किल से केवल तीन घंटे सोती थीं। मेरे पिता ने मेरे लिए अपना काम छोड़ दिया। हमारा घर बहुत मुश्किल से चलता था, लेकिन मेरे पिता हमेशा कहते थे, 'तू लगा रह।' आज जो भी परिणाम दिखाई दे रहा है, जो भी सफलता मुझे मिली है, वह मेरे माता-पिता की वजह से है।' ये शब्द हैं उस वैभव सूर्यवंशी के, जिसने बेहद कम उम्र में क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम दर्ज करा लिया। लेकिन किसी भी सफल बच्चे की कहानी केवल उसकी प्रतिभा की कहानी नहीं होती। उसके पीछे अकसर माता-पिता के अनगिनत त्याग छिपे होते हैं। जब लोग किसी बच्चे की सफलता पर तालियां बजाते हैं, तब बहुत कम लोग उन रातों के बारे में सोचते हैं, जब माता-पिता अपनी इच्छाओं, अपने आराम और कई बार अपने पूरे जीवन की दिशा तक बदल देते हैं ताकि बच्चे का सपना अधूरा न रह जाए। माता-पिता बनने के बाद धीरे-धीरे उनकी अपनी जरूरतें पीछे छूटने लगती हैं। खुद के अच्छे कपड़े, खुद की इच्छाएं, खुद का आराम सब कुछ बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों और खुशियों के आगे गौण हो जाता है। बच्चों की हर छोटी इच्छा उन्हें याद रहती है, लेकिन अपनी अनेक इच्छाएं वे चुपचाप टालते रहते हैं। शायद यही कारण है कि बच्चों की छोटी-सी मुस्कुराहट भी उन्हें अपनी बड़ी-से-बड़ी खुशी से अधिक महत्त्वपूर्ण लगने लगती है।

## सबसे निःस्वार्थ होता है माता-पिता का प्रेम

माता-पिता बनने के बाद व्यक्ति का जीवन केवल व्यस्त नहीं होता, वह पूरी तरह बदलने लगता है। धीरे-धीरे उनका समय केवल उनका नहीं रह जाता। उनकी योजनाएं, उनकी छुट्टियां, उनका खाली समय सब कुछ बच्चों की जरूरतों और समय के अनुसार ढलने लगता है। वे दोस्तों के साथ बनी योजनाएं रद्द कर देते हैं, क्योंकि बच्चे की परीक्षा है। वे अपनी पसंद की फिल्म छोड़ देते हैं, क्योंकि बच्चे को कहीं और जाना है। धीरे-धीरे उनका पूरा जीवन इस तरह बदल जाता है कि बच्चों को कमी कम-से-कम महसूस हो। और शायद यही कारण है कि बहुत से बच्चों को वर्षों बाद समझ में आता है कि उनका सहज और सुरक्षित बचपन, वास्तव में माता-पिता के अनगिनत मौन त्याग पर खड़ा था। माता-पिता का प्रेम संसार का सबसे निःस्वार्थ प्रेम माना जाता है। उसमें त्याग दिखाई कम देता है, लेकिन छिपा बहुत कुछ होता है अधूरी नींद, टली हुई इच्छाएं, लगातार चलती चिंताएं और फिर भी चेहरे पर वही सामान्य मुस्कान। ❀

# छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ाहट-मानसिक थकान
## कहीं आपको डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम तो नहीं

दिन भर में हमें छोटे-छोटे बहुत से डिसीजन लेने होते हैं, कुछ लोग इस तरह के डिसीजन लेने में एक थकान महसूस करते हैं, उन्हें चिड़चिड़ाहट होती है। इसे मेडिकल टर्म में डिसीजन फटीग कहते हैं। इसके क्या लक्षण होते हैं, इससे कैसे बचा जाए, जानिए।

मेंटल हेल्थ

विधि



आज की बिजी लाइफस्टाइल में हम सभी को अपने करियर, घर-परिवार से जुड़ी अनेक बातों के बारे में दिन भर में अनेक डिसीजन लेने पड़ते हैं, जैसे-कब क्या पहनना है, कहां जाना है, कैसे जाना है, किसके साथ मीटिंग है, किस काम को पहले करना है, किसको बाद में, लंच में क्या खाना? इन ढेर सारे छोटे-छोटे डिसीजन लेने के कारण दिमाग काफी ज्यादा थक जाता है, मानसिक ऊर्जा खत्म सी हो जाती है। इसके बाद एक छोटा-सा फैसला लेना भी पहाड़ जैसा लगने लगता है। परिणाम स्वरूप व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है, अपने डिसीजन टालने लगता है या जल्दबाजी में गलत फैसले ले लेता है। इसी मानसिक थकान को मेडिकल की भाषा में डिसीजन फटीग कहा जाता है। यह कोई बड़ी मानसिक बीमारी नहीं है, बल्कि इस समस्या में व्यक्ति रोजमर्रा के नॉर्मल डिसीजन लेने में काफी मुश्किल महसूस करता है। सरल शब्दों में कहें तो डिसीजन फटीग का सीधा मतलब है, फैसले लेने की वजह से होने वाली मानसिक थकान।

**डिसीजन फटीग के लक्षणः** डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम होने पर व्यक्ति में निम्नलिखित लक्षण देखे जा सकते हैं, जिन पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।



- दिन भर में लगातार फैसले लेने के बाद दिमाग में भारीपन या थकान महसूस होती है। इस स्थिति में व्यक्ति को सोचने में ज्यादा समय लगता है, उसके लिए नॉर्मल काम करने में भी मुश्किल होती है।
- कोई भी निर्णय लेने में ज्यादा वक्त लगता है।
- रोजमर्रा के किसी भी तरह के सामान्य काम करने में भी कठिनाई होने लगती है।
- जब फैसला लेने की ताकत कम हो जाती है तो व्यक्ति फैसले टालने लगता है, जिसके कारण हर काम को वह बाद में देखेंगे, अभी मन नहीं कर रहा जैसे बहाने करके टालने लगता है।
- दिमाग में स्ट्रेस होने के कारण कई बार जल्दबाजी में फैसले लेते हैं, जैसे डाइट पर होते हुए भी जंक फूड खाना, बिना सोचे-समझे शॉपिंग करना या किसी काम के लिए हां या न करना।
- किसी भी तरह के फैसले लेते समय खुद का बचाव करना या पीछे हटना।
- अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा दूसरों पर डाल देना।
- काबिल होते हुए भी हर समय खुद पर कम विश्वास करना, अपने फैसलों पर शक होना, खुद को दोष देना या हर फैसले के बाद सही डिसीजन लिया या नहीं, इस बारे में सोचना भी डिसीजन फटीग का संकेत हो सकता है।
- डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम के कारण व्यक्ति को सिर में दर्द, फोकस करने में मुश्किल होना, नींद में कमी और रोजमर्रा के कामकाज में समस्या होने जैसे कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं।

**डिसीजन फटीग से बचने के उपायः** फिजिशियन **डॉ. सतीश विरमानी** के अनुसार, डिसीजन फटीग से बचने के लिए आप इन बातों का ध्यान रखें-

- सुबह के समय दिमाग फ्रेश होता है, दिमागी ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है, इसलिए जरूरी फैसले सुबह ही लेने की कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों (जैसे कपड़े या खाना) में ज्यादा ऑप्शंस न रखें। ऑप्शंस कम होंगे, तो कंफ्यूजन भी कम होगा।
- हर काम का एक तय समय और रुटीन बनाएं। इससे बार-बार छोटे-छोटे फैसले नहीं लेने पड़ेंगे और दिमाग को रेस्ट मिलेगा, वो रिलैक्स्ड रहेगा।
- लगातार काम करने से बचें, इससे मानसिक थकान होती है। इसलिए हर 60 से 90 मिनट बाद ब्रेक लें।
- अच्छी नींद और हेल्दी डाइट भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने और फैसलों को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं। ❀

बच्चे और आप

ललिता गोयल

समर वैकेशन में बच्चों को स्कूल से हॉलिडे होमवर्क मिलता ही है। इसे पूरा कराने की जिम्मेदारी पैरेंट्स की होती है। बच्चे कैसे समर वैकेशन को एंज्वॉय करते हुए अपना हॉलिडे होमवर्क समय से पूरा कर लें, इसके लिए आप हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बना लें। यह कैसे बनाएं, जानिए।

# बच्चों के लिए करें स्मार्ट हॉलिडे होमवर्क प्लानिंग



इन दिनों ज्यादातर स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो गई हैं। बच्चे खुश हैं लेकिन पैरेंट्स को बच्चों के हॉलिडे होमवर्क की चिंता है, क्योंकि जितना मर्जी कोशिश कर लें, छुट्टियों के आखिरी दिन तक बच्चों का हॉलिडे होमवर्क खत्म नहीं होता। शुरू में तो लगता है बहुत टाइम है, हो जाएगा। लेकिन बाद में रिजल्ट होता है, बच्चों का अधूरा हॉलिडे होमवर्क। यह कहानी हर साल की होती है। चलिए, इस बार इस कहानी को बदलते हैं। हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बता रहे हैं, जिनसे बच्चों का होमवर्क आसानी से हो जाएगा और बच्चों ही नहीं आपकी भी समर वैकेशन मजे से बीतेगी।

**हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बनाएंः** जब आप एक प्लानिंग से बच्चों का होमवर्क कराएंगी तो वह समय से जरूर पूरा हो जाएगा। एक स्मार्ट शेड्यूल बच्चों को रोजाना थोड़ा-थोड़ा होमवर्क करने के लिए इंस्पायर करता है। हॉलिडे होमवर्क समय पर हो, इसके लिए शेड्यूल बनाएं। सारा होमवर्क देखने के बाद कब, क्या कितनी समय सीमा में करना है, उसका शेड्यूल बनाएं। बच्चों को शेड्यूल बनाने की प्रक्रिया में शामिल करें, उनसे पूछें कि वे किस समय पढ़ना पसंद करेंगे और किस समय खेलना चाहेंगे? उनकी राय से शेड्यूल बनाने से वे शेड्यूल मानेंगे। साथ ही शेड्यूल ऐसा बनाएं कि होमवर्क तो होता रहे और बच्चों की मस्ती और खेल-कूद भी चलता रहे। पहले एक सब्जेक्ट का होमवर्क खत्म कराएं और फिर दूसरा शुरू करें। इससे आपको ध्यान भी रहेगा कि कितना होमवर्क हो गया, कितना बचा है?



### आप भी दें उसका साथ

**होमवर्क के** बीच में बच्चे की पसंद के अनुसार उसे घुमाने ले जाएं या खेलने भी दें। जिससे उन्हें यह फील न हो कि हॉलिडे होमवर्क का मतलब सिर्फ पढ़ाई करना है। इससे होमवर्क उसे बोझ नहीं लगेगा और वह होमवर्क एंज्वॉय करेगा। अगर बच्चा खुद होमवर्क कर रहा है, तब भी उसके साथ बैठें, ताकि उसे अकेलापन महसूस न हो और वह बोर न हो। पढ़ाई के साथ खेलने के लिए बच्चों को पूरा समय दें। कुछ पैरेंट्स बच्चों को होमवर्क खत्म करने का प्रेशर बनाकर उन्हें घंटों बैठाए रखते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, बल्कि जब बच्चा होमवर्क करे, तो खुद भी उसके साथ बैठें और उसकी मदद करें।

**प्रेशर न बनाएंः** होमवर्क करने के लिए बच्चे पर कभी प्रेशर न बनाएं। बीच में गैप ले-लेकर होमवर्क कराएं। बीच-बीच में बच्चे के साथ खेलें, कुछ रोचक एक्टिविटीज करें ताकि होमवर्क से बच्चा बोर न हो, एक्टिव बना रहे।

**टाइमिंग का रखें ध्यानः** बच्चों को होमवर्क कराते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह बच्चा है, जल्दी और ज्यादा होमवर्क कराने के चक्कर में उसे बोर न करें, क्योंकि अगर वह शुरू में बोर हो जाएगा, तो होमवर्क उसे बोझ लगने लगेगा। अपने बच्चे की क्षमता के हिसाब से प्लानिंग करें।

**बच्चों का होमवर्क खुद न करेंः** कुछ पैरेंट्स होमवर्क खत्म करने के चक्कर में बच्चों का होमवर्क खुद कर देते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, क्योंकि अगर एक बार आप उनका होमवर्क कर देंगे या तो वह खुद से होमवर्क कभी-भी नहीं करना चाहेगा। इसलिए जरूरी है कि उन्हें होमवर्क कराने के दौरान चीजों को और रोचक बनाते हुए उन्हें सीखने और खुद से होमवर्क करने के लिए प्रेरित करें। ❀

**(शिक्षिका योगिता जिंदल से बातचीत पर आधारित)**



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन टैनिंग आजमाएं ये घरेलू उपाय

गर्मी के मौसम में स्किन पर तेज धूप का असर दिखने लगता है। दरअसल, कैप, दुपट्टा या छाता से कवर करने के बाद भी दिन में घर से बाहर निकलने पर थोड़ी-बहुत टैनिंग हो ही जाती है। दरअसल, सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के संपर्क में आने से हमारी स्किन डल पड़ने लगती है। स्किन के कॉम्प्लेक्शन में अंतर आने लगता है। ऐसे में धूप के असर से बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो आपकी स्किन को टैनिंग से बचाए रखेंगे।



**पपीता फेस पैकः** यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से डल पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप पका हुआ पपीता और नीबू लें। पपीते का छिलका उतारकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकती हैं।



**शहद-पपीते का फेस पैकः** सन टैन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा-सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बूंदें शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टैन को हटाने के साथ ही त्वचा को पोषण भी देता है, जिससे आपकी स्किन सॉफ्ट बन जाती है।

**नीबू का फेस पैकः** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में मौजूद नेचुरल फैट और मिनरल्स, स्किन को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि स्किन को पोषण प्रदान करते हैं।

**एलोवेरा जैल-हल्दीः** तीन चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच हल्दी और दो चम्मच शहद को एक कटोरी में मिलाकर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलोवेरा जैल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टैन की समस्या से निजात मिलती है। ❀



आप वर्किंग वूमेन हों या होम मेकर, जरूरत पड़ने पर दिन के समय भी घर से बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट को लेकर कॉन्शस रहें।

# डाइट रखें सही नहीं होगा हीट स्ट्रोक

डाइट सजेशन

डॉ. अंशु चौहान, डाइटीशियन

इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। दिन के समय तो तापमान बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में अगर घर से बाहर निकलना पड़े तो लू लगने यानी हीट स्ट्रोक का रिस्क होता है। इससे आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लू से बचने के लिए अन्य सावधानियों के साथ अपनी डाइट का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है।



**इनका करें सेवनः** इन तपिश भरे दिनों में सबसे अधिक ध्यान हाइड्रेशन पर होना चाहिए। हमारे शरीर का लगभग 60-70 प्रतिशत हिस्सा पानी का होता है, लेकिन तेज गर्मी की वजह से पसीने के जरिए हम न केवल शरीर में मौजूद पानी बल्कि जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम और पोटेशियम भी खोते रहते हैं। इसकी भरपाई के लिए खीरा, तरबूज और लौकी जैसी सब्जियों और फलों का सेवन फायदेमंद है। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है। तरबूज में मौजूद लाइकोपिन, त्वचा को सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाता है। वहीं खीरा शरीर को ठंडक देता है और इसमें मौजूद फाइबर कब्ज जैसी समस्याओं को भी दूर रखता है। जो अकसर गर्मी में पानी की कमी से हो जाती है। इन दिनों प्याज का सेवन भी लू से बचाने में कारगर माना जाता है, क्योंकि इसमें क्वेरसेटिन नामक तत्व होता है, जो गर्मी के प्रभाव को कम करने में मददगार साबित होता है। नियमित छोटे-छोटे मील्स, शरीर को कार्बोहाइड्रेट प्रदान करते हैं, जो गर्मी में ऊर्जा के मुख्य स्रोत होते हैं। घर का बना ताजा खाना और मौसमी फलों का सेवन आपको गर्मी में भी ऊर्जावान और सुरक्षित रखेगा।



**उपयोगी पेय पदार्थः** इन दिनों पेय पदार्थों में छाछ और नीबू पानी पीना सबसे फायदेमंद है। छाछ एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक है, जो हमारे पाचनतंत्र को दुरुस्त रखने में सहायक होता है। जबकि नीबू पानी विटामिन-सी और इलेक्ट्रोलाइट्स का भंडार है। इसके अलावा आम का पन्ना, लू से बचने का पुराना, कारगर घरेलू तरीका है। कच्चे आम में मौजूद एसिड और पैक्टिन नामक पदार्थ, शरीर को झुलसाने वाली गर्मी से लड़ने की शक्ति देते हैं। इनके अलावा सत्तू का शरबत, प्रोटीन का एक बेहतरीन और सस्ता माध्यम है, जो शरीर को अंदर से ठंडा रखता है और लंबे समय तक ऊर्जा देता है। नारियल का पानी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स (पोटेशियम, सोडियम, मैग्नीशियम) से भरपूर और डिहाइड्रेशन रिकवरी में सहायक होता है। इस बात को भी याद रखें कि गर्मी के दिनों में प्यास लगने का इंतजार ना करें, बल्कि हर एक घंटे में थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।

**क्या न खाएंः** इन दिनों तला-भुना और मसालेदार खाना पचाने में शरीर को बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे आंतरिक गर्मी बढ़ती है। समोसे, पकौड़े या भारी ग्रेवी वाली सब्जियां, एसिडिटी और पेट में जलन पैदा करती हैं। इसी तरह कैफीन (चाय और कॉफी) का सेवन कम करना चाहिए। ये पदार्थ डाइयूरेटिक होते हैं, जिसका मतलब है कि ये शरीर से पानी को बाहर निकालते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा चीनी वाले ठंडे पेय पदार्थ या सोडा पीना भी सही नहीं होता है। साथ ही इस मौसम में रेड मीट, शराब और भारी प्रोटीन वाले फूड्स से परहेज करना चाहिए। बासी खाना भी नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा रहता है। ❀

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

**खबर संक्षेप**

### नव नियुक्त डीएफओ मंजीत सैन का स्वागत

**हिसार।** पीएमओ के अंतर्गत कैबिनेट सचिवालय में नवनियुक्त डीएफओ मंजीत सैन का सोमवार सुबह राह ग्रुप फाउंडेशन की टीम द्वारा गांव कैमरी पहुंचकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ तथा जिला सैन सभा के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सरसाना ने मंजीत सैन और उनके परिवार का मुंह मीठा करवाकर तथा संत शिरोमणि सैन जी महाराज की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर गांव कैमरी के सरपंच ओमप्रकाश जिलेदार, सरसाना के सरपंच सुभाष चंद्र, शंकर लाल सरसाना, छबीलदास सोलंकी, देवीलाल सोलंकी, सज्जन सिंह, राजेन्द्र सोलंकी, राजेन्द्र स्वामी, रमेश सोलंकी, विजय सैन, अक्षय सरोहा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### शहीद करतार सिंह सराभा की 130वीं जयंती मनाई

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति के तत्वावधान में क्रांतिकारी शहीद करतार सिंह सराभा का 130वां जन्मदिवस हांसी स्थित बजरंग आश्रम में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोरी लाल नागपाल ने की। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने शहीद करतार सिंह सराभा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सीता राम फौजी, राम स्वरूप खट्टर, हमेश खुराना, प्रेम गुलाटी, ओमप्रकाश मुंजाल, देसराज मनचंदा, सुनील मलिक, देसराज सोनी, संजय मुंजाल, राजकुमार चैपड़ा, सन्नी नायक, कालू सिधर, रोहित और शमशेर सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### किसानों को प्रदान की आर्थिक सहायता

**बरवाला।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कृषक एवं खेतीहार मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत हादसे का शिकार हुए किसानों एवं मजदूरों को चेक के रुप में आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मार्केट कमेटी के चेयरमैन प्रवीन सैनी ने कहा कि गांव बालक की बुजुर्ग महिला नरेश को योजना के तहत 1 लाख 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार गांव बोबुआ के किसान दयानंद को भी योजना के तहत 37 हजार 500 रुपये की सहायता राशि दी गई। इस मौके पर वाइस चेयरमैन रोशन घणघस, मंडल अध्यक्ष मनोज संदुजा, प्रधान डॉ. देशराज, प्रदीप मुदगिल, रणधीर बूरा, सविन शर्मा, सरपंच सतबीर बिचपड़ी व रवीश भ्याण भी मौजूद थे।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में जरूरतमंदों का इलाज

**हिसार।** 'मदद जवान किसान गौसेवा समिति ने श्री रानी दादी मंगालीवाला मल्टीस्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल के सहयोग से गांव मात्रश्याम में एक निःशुल्क आंखों के जांच कैंप का आयोजन किया। कैंप में ग्रामीणों की आंखों की जांच बिल्कुल मुफ्त की गई तथा जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस दौरान बुजुर्गों महिलाओं और युवाओं सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति की ओर से संतोष जून, सरोज श्योराण, पूनम ढिल्लो, अनिल शर्मा जिला पार्षद प्रतिनिधि, राजेंद्र पुनिया, डॉक्टर वेदपाल सोनी, शंकर धीवाँ, हैप्पी डारा, विजय बिश्नोई और मोनू शर्मा मौजूद रहे। कैंप का आयोजन पूर्व सरपंच सुरेश वाल्मीकि द्वारा करवाया गया।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी की प्रशंसा

**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खैरी में सत्र 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणामों की ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में अभिभावक-अध्यापक बैठक (पीटीएम), प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, एसएमसी सदस्यों एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रिंसिपल यशपाल मोर ने की। उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं की छात्रा ईशु ने 466/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

## एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# सरपंच पर निर्माण कार्य अधूरे छोड़ने के आरोप, एडीसी ने दिए छानबीन के निर्देश

### प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार


हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते अति. उपायुक्त उत्सव आनंद।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने सोमवार को लघु सचिवालय परिसर में नागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर बिना विलंब किए समाधान करने की निर्देश दिए ताकि जिला वासियों को समय पर सुविधाओं एवं योजना का लाभ मिल सके।

समाधान शिविर में पाना आलमपुर नियाना एक प्रार्थी द्वारा गांव के सरपंच द्वारा 6 महीने से अधूरे पड़े निर्माण कार्य की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव आर्य नगर निवासियों द्वारा गांव की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा हटाने की मांग पर एडीसी ने डीडीपीओ को मामले की जांच कर आगामी आवश्यक कार्रवाई कर समाधान करने के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 17 के पार्षद राजेश ने डिफेंस कॉलोनी के गेट नंबर 4 के सामने गुजर रहे रास्ते पर अवैध कब्जे को हटाकर रास्ता खुलवाने की मांग पर एडीसी ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्यवाही अमल में लाने की हिदायत दी। इसी प्रकार अमरदीप कॉलोनी के निवासियों ने समाधान शिविर में बिजली के खंभों पर अनावश्यक मात्रा में लगे बिजली मीटरों के कारण राहगीरों को बिजली के करंट लगने की संभावनाओं के चलते बिजली मीटरों को उचित जगह पर लगाने की मांग पर अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसई को मौका मुआयना कर निवासियों की समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, एएमसी प्रदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गर्मी में पेयजल की व्यवस्था करने व ओवरलोड ट्रांसफार्मर बदलने की हिदायत

**हांसी।** जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी लक्षित सरीन ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार बीडीपीओ अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ढाणी कुतुबपुर के नागरिकों ने गांव में लगे बिजली ट्रांसफार्मर के ओवरलोड होने की समस्या एडीसी के समक्ष रखी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एडीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए तथा मौजूदा ट्रांसफार्मर की जगह उच्च क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके और गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। समाधान शिविर में धर्मेंद्र की नीलम ने परिवार पहचान पत्र में आयु दुरुस्त करवाने की मांग रखी, सतीश पुत्र रामदिता रामपुरा मोहल्ला हांसी ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, पवन ने इंतकाल तसदीक करवाने, जयवीर खानपुर ने बिजली का मीटर लगवाने, सुनील निवासी गांव जमावड़ी ने पानी की पेयजल की सप्लाई को दुरुस्त करवाने ,अजमेर खेड़ी जालब गांव में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, अशोक ढाणा खुर्द ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने की मांग रखी।


हांसी। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते एडीसी लक्षित सरीन

**न्यूज डायरी**



### डॉ. करनदीप सिंह बने अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के कार्यवाहक निदेशक

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड साइंटिफिक रिसर्च सोसायटी द्वारा महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अग्रोहा के पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. करनदीप सिंह को कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोमवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया है। यह नियुक्ति आगामी आदेशों अथवा नियमित निदेशक की नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। कॉलेज एवं अस्पताल परिवार ने डॉ. करनदीप सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की कामना की है।

### फोर्टिस मोहाली में रोबोटिक सर्जरी से किया इलाज



**हिसार।** फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी विभाग ने दुनिया के सबसे उन्नत चौथी पीढ़ी के रोबोट-दा विंची एक्सआई के माध्यम से जटिल यूरोलॉजिकल कैंसर से पीड़ित कई रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. धर्मेंद्र अग्रवाल ने रोबोट एडेड सर्जरी के जरिए ऐसे दो मरीजों का इलाज किया है। एक 56 वर्षीय मरीज, जिसने क्रोनिक किडनी रोग के कारण रीनल ट्रांसप्लांट कराया था, उनकी ट्रांस्प्लांटेड किडनी में 3-सेमी का ट्यूमर पाया गया। उन्होंने फोर्टिस मोहाली में डॉ. अग्रवाल से संपर्क किया, जहां बाद की जांचों के बाद, डॉ. अग्रवाल ने रोबोट-एडेड ट्रांसप्लांट किडनी पार्शियल नेफरेक्टोमी किया। रोगी की गुर्दे की रक्तवाहिकाओं को डिसेक्ट किया गया और गुर्दे को सुरक्षित रखते हुए ट्यूमर को हटा दिया गया। सर्जरी के बाद उनका यूरिन आउटपुट अच्छा था और उन्हें ट्रांसफ्यूज़न या डायलिसिस की आवश्यकता नहीं पड़ी। सर्जरी के 10 घंटे बाद मरीज चलना शुरू कर दिया और तीसरे दिन उन्हें हस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह आज पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं।



### मांगों को लेकर अतिथि अध्यापक 9 जून को शिक्षा सदन का करेंगे घेराव

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ की बैठक सोमवार को क्रांतिमान पार्क में जिला प्रधान दलबीर पानू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अतिथि अध्यापकों को नियमित करने की मांग को लेकर 9 जून को शिक्षा सदन पंचकूला पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह, मेवा सिंह बेनीवाल, दयाकिशन, ईश्वर सिंह खेड़ीबर्की, भजनलाल, अशोक शर्मा, मोतीलाल, रेखा रानी तथा कविता पुनिया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय और पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसलों के अनुसार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत अतिथि अध्यापकों को नियमित किया जाना चाहिए। बैठक में सरकार से मांग की गई कि सर्वोच्च न्यायालय और हाईकोर्ट के आदेशों को लागू करते हुए अतिथि अध्यापकों को तुरंत नियमित किया जाए। इस अवसर पर सुशील जागलान, पंकज अग्रोहा, महेश शर्मा, अनिता सरसौद और कौशल्या प्रभा सहित काफी संख्या में अतिथि अध्यापक मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से होगी शुरू

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन के पांच पदों के लिए चुनाव समिति ने अधिसूचना जारी कर दी है। नामांकन प्रक्रिया 26 मई से शुरू होगी। बार एसोसिएशन के प्रधान, उप-प्रधान, सचिव, सह-सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे। प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग न्यूनतम अधिवक्ता अनुभव निर्धारित किया गया है। प्रधान पद के लिए 10 वर्ष, उप-प्रधान एवं सचिव पद के लिए 5 वर्ष तथा सह-सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए 3 वर्ष का अनुभव आवश्यक होगा। कोषाध्यक्ष का पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित रखा गया है। यह जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी दलीप जाखड़ एडवोकेट ने चुनाव कार्यालय में सहायक चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजबीर सिंह पायल, रतन सिंह पानू, राम सिंह सोढ़ी, मीनू शर्मा, कमल गुप्ता, अनुराग भारद्वाज एवं हिमांशु आर्य खोवाल के साथ मीटिंग हुई। इसमें चुनाव समिति द्वारा हिसार बार के चुनाव प्रकिया की अधिसूचना कर दी। उन्होंने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के वर्ष 2026-27 के वार्षिक चुनाव 12 जून को आयोजित किए जाएंगे। चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 26 एवं 27 मई निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 27 मई को होगी तथा नाम वापसी की 29 मई रखी गई है। मतदान का समय 12 जून को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा तथा मतगणना मतदान उपरांत तुरंत प्रारंभ कर परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव समिति द्वारा सभी सदस्यों से अपील की गई है कि मतदान के दिन अपना अधिवक्ता पहचान पत्र साथ लेकर आएं।

### परमात्मा से बिना शर्त प्रेम करना ही सच्ची भक्ति : भगत संजीव कुमार



**हिसार।** तरसेम नगर स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में बाबा बालक नाथ जी की विशाल चौकी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालु बाबा बालक नाथ जी के भजनों और भेंटों पर भावविभोर होकर झूमते रहे। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने बताया कि मंदिर में सत्संग से पहले भंडारे का आयोजन किया गया। सत्संग में भगत संजीव कुमार जी महाराज द्वारा प्रस्तुत की गई बाबा बालक नाथ जी की भेंट 'मुझे ऐसी लगन तू लगा दे कि मैं तेरे बिना पल ना रहूं', 'सानूं पौनाहारी दा रंग चढ़ गया', 'मेरे गुफा वाले बाबा आजा', 'मेरे सब कुछ तुम्हीं तुम हो मेरे नाथ' पर श्रद्धालु जमकर झूमने लगे। श्रद्धालुओं प्रवचन देते हुए भगत संजीव कुमार जी महाराज ने कहा कि हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि हमें बाबा जी के चरणों में बैठकर सत्संग सुनने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि संसार की चकाचौंध इंसान को आकर्षित जरूर करती है, लेकिन जब मनुष्य उसके करीब जाता है तो वहां दुख, चिंता और मोह-माया के अलावा कुछ नहीं मिलता। यही मोह इंसान को सद्मार्ग से भटका देता है।

### 'प्रकृति, स्थिरता और जीवन विज्ञान में करियर के अवसर' पर कार्यशाला

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से श्री काली देवी विद्या मंदिर सह-शिक्षा अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए 'प्रकृति, स्थिरता और जीवन विज्ञान में करियर के अवसर' विषय पर एक शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल भानखड़ ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन और समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यशाला का आयोजन प्रो. नमिता सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

### 30 ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव प्रशासन को मिले, जल्द 70 करने का रहेगा प्रयास

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण पेयजल संचालन एवं रखरखाव नीति में वर्णित निर्देशों के अनुसार कार्रवाई करते हुए ग्रामस्तरीय जल एवं सीवरेज कमेटी का गठन कर आगामी प्रक्रिया करना सुनिश्चित करें। वे सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में ग्रामीण पेयजल संचालन एवं रखरखाव नीति 2026 के कार्यान्वयन के लिए आयोजित बैठक की वीसी के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया कि अब तक 30 ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव जिला प्रशासन को प्राप्त हुए हैं, जल्द ही इस आंकड़े को बढ़ाकर 70 किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीति के अनुसार पहले एकल ग्राम पंचायतों में ग्राम स्तरीय जल एवं सीवरेज कमेटी का गठन किया जा रहा है। उन्होंने प्रस्ताव भिजवाने वाले गावों में ग्राम स्तरीय जल एवं सीवरेज कमेटी गठित कर जनस्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम पंचायत के बीच एमओयू साइन करने की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिए, इसके बाद ग्राम पंचायत का बैंक खाता खुलवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि इस कमेटी में गांव से 16 सदस्य शामिल होंगे, जिनमें गांव का सरपंच इस कमेटी का चेयरमैन होगा। यह कमेटी नीति के अनुसार गांवों में जलापूर्ति एवं सीवरेज संबंधी आधारभूत संरचना बनाने, कनेक्शन करवाने, बिजली बिल, स्टाफिंग एवं नई अवसंरचना का कार्य पब्लिक हेल्थ विभाग के पास रहेगा।

### राजस्थान रोडवेज बस के पीछे से टकराईं दो कारें, 2 घायल

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक के समीप सोमवार शाम सड़क हादसे में राजस्थान रोडवेज की बस के पीछे दो कारें आपस में टकरा गईं। हादसे में दोनों कारों के चालक घायल हो गए। टक्कर के कारण दोनों कारों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जानकारी के अनुसार राजस्थान रोडवेज की बस दिल्ली से हनुमानगढ़ जा रही थी। गीता चौक के पास बने स्पीड ब्रेकर पर बस चालक ने वाहन की रफ्तार धीमी की। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार बस से टकरा गई। उसके तुरंत बाद पीछे आ रही दूसरी कार भी पहली कार में जा भिड़ी, जिससे हादसा और बढ़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर काफी जोरदार थी, जिससे सड़क पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराया। बस चालक गुरमीत ने बताया कि गीता चौक पर ब्रेकर होने के कारण उसने बस की गति धीमी की थी। इसी दौरान पीछे से आ रही कारें नियंत्रण नहीं रख सकीं और बस से टकरा गईं।

## भीषण गर्मी में वकील पेड़ों के नीचे बैठने को मजबूर, शेड का निर्माण अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौंद

गर्मी के मौसम में हर रोज पारा चढ़ता जा रहा है। जहां लोग एसी कमरों में बैठकर काम कर रहे हैं, वहीं नारनौंद कोर्ट में वकील शेड न बनने के कारण पेड़ों के नीचे ही बैठने को मजबूर है। अगर यही हालत रही तो वकील लू लगने के कारण बीमार भी हो सकते हैं। वकीलों के पास आने वाले लोग भी सुविधा न होने के कारण परेशान है। गर्मी की तपत ने वकीलो की भी गर्मी बढ़ा दी है। गर्मी से परेशान वकील सरकार से नाराज नजर आ रहे हैं क्योंकि कोर्ट परिसर में बनने वाला शेड का काम पिछले एक महीने से बंद पड़ा हुआ है।

हाईकोर्ट की जज ने मार्च में नारनौंद कोर्ट का दौरा किया था। उस समय वकीलों ने मांग रखी थी कि उनके लिए बनाए गए शेड के नीचे का फर्स ऊंचा उठाया जाए और उसका एरिया भी बढ़ाया जाए।

**पीडब्ल्यूडी विभाग को परमिशन मिलने का इंतजार**

पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया गया था कि इस काम को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। उसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से पूरे काम का एस्टीमेट बनाकर विभाग के पास भेज दिया गया था। लेकिन अब तक वहां से इसकी परमिशन नहीं आई है। इसके कारण ये काम अधूरा ही पड़ा है और इस तपती गर्मी में वकील पेड़ों के नीचे बैठ कर काम करने के मजबूर है। हालांकि कुछ वकीलों ने कोर्ट परिसर में अपने खुद के खर्चे पर अलग से केबिन तैयार कर लिए हैं।


नारनौंद। नारनौद के कोर्ट परिसर में पेड़ के नीचे बैठे वकील व अन्य।


नारनौंद। कोर्ट परिसर में बनाए जा रहे शेड का काम अधूरा पड़ा हुआ।

**परमिशन का इंतजारः एक्सईएन**

पीडब्लूडी विभाग के एक्सईएन युद्धवीर सिंह झाझडिया ने बताया कि शेड बनाने के लिए विभाग के पास एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। जैसे ही ऊपर से इसकी परमिशन मिलेगी तुरंत प्रभाव से काम को शुरू करके पूरा कर दिया जाएगा।

## नागरिक अस्पताल हांसी में जल्द खुलेंगे अमृत स्टोर तथा वीटा पार्लर : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हांसी

डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि नागरिक अस्पताल हांसी में जल्द ही अमृत स्टोर तथा वीटा पार्लर स्थापित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और जनहितकारी बनाने की दिशा में इस महत्वपूर्ण परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। अस्पताल परिसर में इन दोनों सुविधाओं के शुरू होने से मरीजों, उनके परिजनों तथा आम नागरिकों को एक ही स्थान पर सस्ती दवाइयाँ और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि इस परियोजना को अमलीजामा पहनाने के लिए नागरिक अस्पताल हांसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राहुल बुद्धि राजा, लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा अस्पताल परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ऐसी जगह का चयन किया गया जो मरीजों और आमजन के लिए सुविधाजनक, सुगम एवं पर्याप्त स्थान वाली हो। प्रशासन द्वारा अस्पताल परिसर में कुल 1000 वर्ग फुट क्षेत्र निर्धारित किया गया है, जिसमें 350 वर्ग फुट क्षेत्र अमृत स्टोर तथा 650 वर्ग फुट क्षेत्र वीटा पार्लर के लिए आरक्षित किया गया है।

### उकलाना में बेटी के जन्मदिन पर धूमधाम से किया जलवा पूजन

**उकलाना।** उकलाना गांव के वार्ड नंबर 14 निवासी प्रवीण कुमार ने अपनी बेटी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जलवा कार्यक्रम बड़ी खुशी और धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में परिवारजनों, रिश्तेदारों और भाईचारे के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा बच्ची को आशीर्वाद देकर परिवार की खुशियों में शामिल हुए। इस अवसर पर पूरे कांटीवाल परिवार में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम में आए मेहमानों का स्वागत सत्कार किया गया तथा सभी ने बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बधावड़ में किसान-मजदूर महापंचायत आज

**उकलाना।** बाढ़, जलभराव और सेम की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में पानी निकासी के प्रबंध तथा किसानों के बकाया मुआवजे की मांग को लेकर 26 मई को गांव बधावड़ में किसान-मजदूर महापंचायत आयोजित की जाएगी। महापंचायत की तैयारियों को लेकर विभिन्न गांवों में बैठकों और जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया, अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला प्रधान डॉ. मियां सिंह बिठमड़ा, किसान सभा तहसील प्रधान मास्टर फूल सिंह, सचिव प्रदीप बूरा और सह सचिव रमेश कुंडू ने बताया कि महापंचायत की तैयारी के तहत कडूल, खैरी, फरीदपुर, दौलतपुर, बेरिया, बिठमड़ा, लितानी और हसनगढ़ गांवों का दौरा कर किसानों और मजदूरों के साथ बैठकें की गईं।

**अपील** रीवा में दो आर्यिकाओं के साथ सड़क हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग

# हिसार सकल जैन समाज ने निकाला मौन जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार


हिसार। मौन जुलूस निकालता हिसार सकल जैन समाज। फोटो : हरिभूमि

हिसार में जैन धर्म के तीनों प्रमुख संप्रदायों, श्री दिगंबर जैन पंचायत, श्री एस.एस. जैन सभा, श्री तेरापंथी श्वेताम्बर सभा तथा जीतो हिसार चैप्टर के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं सकल जैन समाज के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं द्वारा सोमवार को नागोरी गेट स्थित श्री आदिनाथ बड़ा दिगंबर जैन मंदिर परिसर में मध्य प्रदेश के रीवा में सड़क दुर्घटना में समाधि को प्राप्त हुईं दो पूज्य आर्यिकाओं, आर्यिका श्री 105 श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 उपशममति माताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से णमोकार महामंत्र का जाप कर देवलोक गमन कर चुकी आर्यिकाओं के प्रति अपनी श्रद्धा एवं संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके उपरांत सकल जैन समाज द्वारा संतों की सुरक्षा एवं रीवा सड़क दुर्घटना मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एक विशाल मौन जुलूस एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह जुलूस श्री दिगंबर जैन मंदिर, नागोरी गेट से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। श्री दिगंबर जैन पंचायत की ओर से उपप्रधान सुनील कुमार जैन ने कहा कि सकल जैन समाज किसी पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं कर रहा है, किंतु दुर्घटना से संबंधित जो वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है, उसे देखकर यह घटना केवल सामान्य सड़क हादसा प्रतीत नहीं होती।

**समाज में गहरा रोष**

श्री दिगंबर जैन पंचायत के प्रधान नवीन जैन ने कहा कि इस घटना को लेकर समाज में गहरा रोष है तथा सकल जैन समाज हिसार केंद्र सरकार एवं प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं गहन जांच करवाने की मांग करता है। उन्होंने कहा कि जैन संतों, आर्यिकाओं, साधु-साध्वियों की सुरक्षा समाज की प्राथमिकता है और इस विषय को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

### घरों की गणना में प्रदेश के टॉप 5 में हांसी जिला के शामिल होने की प्रबल संभावना : एसडीएम



**हांसी।** जिला में जनगणना कार्य के अंतर्गत घरों की गणना का कार्य निरंतर गति के साथ जारी है। जिला प्रशासन द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। जिला जनगणना नोडल अधिकारी एवं एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि जिले में घरों की गणना के लिए कुल 990 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाए गए थे, जिनमें से 957 ब्लॉकों में गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि शेष 33 ब्लॉकों में भी घरों की गणना का कार्य तेजी से जारी है, उम्मीद है कि शाम तक यह कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा। हांसी जिला हाउस लिस्टिंग में आठवें स्थान पर पहुंचा गया है। टॉप फाइव में शामिल होने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनगणना कार्य की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि कार्य समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके।

### रक्तदान शिविर में 37 लोगों ने किया महादान

**हिसार।** समृद्ध भारत परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 का पहला रक्तदान शिविर मंगलम ब्लड बैंक में लगाया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहोरिया ने बताया कि रक्तदान शिविर में कुल 37 लोगों ने रक्तदान किया। कोषाध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने बताया कि शिविर में आठ विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए गोद लिया गया।

**सूचना**

मैं, संतोष पत्नी श्री रामदिया निवासी मकान नम्बर 1003, राम नगर, हिसार, जिला हिसार बयान करती हूँ कि मेरा पुत्र विजय कुमार व उसकी पत्नी रीना मेरे कहने सुनने से बाहर हैं इसलिए मैं अपने पुत्र विजय कुमार व उसकी पत्नी रीना को मेरी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में जो भी कोई इन दोनों से किसी प्रकार का लेन देन/व्यवहार करेगा तो उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

### स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर किए चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। नगर निगमायुक्त नीरज के निर्देश पर निगम के अधिकारी और कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में एएसआई विजेता ने 500 रूपये का रेलवे रोड पर व एएसआई सरोज ने 200 रूपये का राजगढ़ रोड पर खुले में कचरा डालने पर चालान किया।

### अवैध शराब सहित दो काबू, 71 बोतल बरामद

**हिसार।** सिविल लाइन पुलिस ने सेक्टर 16-17 से अवैध शराब सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 36 बोतल अंग्रेजी व 35 बोतल देशी शराब अलग अलग ब्रांड बरामद की गई है। एएसआई रणबीर सिंह ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान पटेल नगर निवासी विक्रांत व न्यू मॉडल टाऊन निवासी अमित के रुप में हुई है । उन्होंने बताया कि वह स्वयं अपनी टीम के साथ गश्त पर थे कि सूचना के आधार पर दो आरोपियों की तलाशी लेने पर शराब बरामद की गई है।

### 10 लीटर अवैध शराब हथकड़ व सामान बरामद

**आदमपुर।** स्वेट कमांडो टीम-1 व डॉग स्क्वायड की टीम ने सुरक्षा सहायक पवन कुमार व आदमपुर थाना के सहायक उप निरीक्षक दलबीर सिंह के नेतृत्व में गांव भाणा में सघन चैकिंग अभियान चलाया।चैकिंग के दौरान गांव भाणा क्षेत्र में संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली गई। एक घर की तलाशी के दौरान 10 लीटर शराब देशी हथकड़ व शराब बनाने का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी भाणा गांव निवासी धोलू राम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### 24 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी पकड़ा

**हिसार।** स्वेट कमांडो टीम-2 व डॉग स्क्वायड की टीम ने एएसआई गुगन राम व सुरक्षा सहायक दीपक के नेतृत्व में शास्त्री नगर में सघन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान क्षेत्र में संदिग्ध एरिया की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान शास्त्री नगर निवासी प्रदीप के कब्जे से 24 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। प्रदीप कुमार को मौके पर गिरफ्तार करके उसके खिलाफ थाना आजाद नगर में मामला दर्ज कर लिया।

### रोटरी सैंट्रल एवं सीएमसी अस्पताल ने लगाया कैंप

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल एवं सीएमसी हस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एक मेगा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन नवभारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल टिब्बा दानाशेर में किया गया। इस कैंप में टिब्बा दानाशेर एवं आसपास के इलाके के लगभग 200 मरीजों का चैकअप किया गया। चेकअप के उपरांत सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां दी गई। कैंप में सीएमसी अस्पताल के डॉ. अनुराधा नागपाल, डॉ. प्रवेश गोयल, डॉ. अनमोल गेरा, डॉ. चरण सिंह, डॉ. सुमित पातड़, डॉ. अरुण राठी, डॉ. हिमानी सरोहा, डॉ. अर्चित तनेजा तथा हिसार ईएनटी सैंटर अस्पताल से डॉ. विवेक डुडेजा का मरीजों के चैकअप तथा अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने का संदेश दिया।

## धरने में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं तथा अधिकारी मौके पर मौजूद रहे

# चनौत के ग्रामीणों ने धरने पर पहुंचे विधायक का अलग पाइपलाइन का प्रस्ताव ठुकराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



**हांसी।** बिजली व पानी की समस्या को लेकर धरना पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक विनोद भयाना।

बरवाला रोड स्थित चानौत गांव में बिजली और पानी की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना सोमवार को दसवें दिन भी जारी रहा। सोमवार को हांसी विधायक विनोद भयाना धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

इससे पहले कांग्रेस, इनेलो और आम आदमी पार्टी के नेता भी धरने को समर्थन दे चुके हैं। धरना स्थल पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि वह पहले भी गांव का दौरा कर चुके हैं। उस दौरान उन्होंने वाटर बॉक्स का निरीक्षण किया था तथा अधिकारियों को गांव के लिए अलग फीडर और जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे।

विधायक ने धरने पर पहुंचने से पहले उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की थी। बैठक में उन्होंने ग्रामीणों को मौजूदा लाइन से पानी उपलब्ध कराने का सुझाव रखा, लेकिन अधिकारियों ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए इसे संभव नहीं बताया।

### गांव के लिए अलग पाइपलाइन का प्रस्ताव

विधायक विनोद भयाना ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि करीब एक करोड़ रुपये की लागत से गांव के लिए अलग 10 इंच की पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस लाइन के जरिए चानौत गांव को सीधे पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके साथ ही अलग फीडर लाइन और अलग जनरेटर सेट लगाने की बात भी कही गई।

### मौके पर पहुंचे एसई तरुण गर्ग

धरना स्थल पर पहुंचे एसई ने ग्रामीणों को तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि गांव के जलघर तक अलग पाइपलाइन बिछाने की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पानी सप्लाई प्रभावित न हो, इसके लिए अलग जनरेटर सेट की व्यवस्था भी की जाएगी। इस पर ग्रामीणों ने फिर आपत्ति जताई और कहा कि जब अन्य क्षेत्रों तक पानी पहुंचाया जा सकता है तो उनके गांव को भी मौजूदा लाइन से कनेक्शन दिया जाना चाहिए।

### ग्रामीणों ने जताई असहमति

हालांकि ग्रामीणों ने विधायक के प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए अपनी पुरानी मांग दोहराई। ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें मौजूदा लाइन से ही कनेक्शन दिया जाए। ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि यदि सीधा कनेक्शन संभव नहीं है तो समानांतर छोटी पाइपलाइन बिछाकर गांव तक पानी पहुंचाया जा सकता है।

### यह उनके स्तर से ऊपर का मामला : विधायक

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि यह मामला उनके स्तर से ऊपर का है और इसके लिए सरकार स्तर पर बातचीत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह चंडीगढ़ जाकर मुख्यमंत्री से समय लेंगे और गांव की एक कमेटी की मुख्यमंत्री के साथ बैठक करवाई जाएगी। तब तक ग्रामीण शांतिपूर्ण तरीके से अपना धरना जारी रख सकते हैं। वहीं गांव के सरपंच हिमांशु ने बताया कि विधायक द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर ग्रामीण सहमत हो गए हैं और अब मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद ही अगला फैसला लिया जाएगा।

# देश में बिजली की इस समय कोई कमी नहीं : मनोहर



**हिसार।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता से उनके आवास पर कुशल क्षेम जानते हुए।

- डॉ कमल गुप्ता और उनके परिजनों से बात कर आग लगने की घटना पर संवेदनाएं व्यक्त की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता के आवास का दौरा किया। उन्होंने डॉ कमल गुप्ता से रविवार को आग लगने की घटना की जानकारी ली और अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

इसके उपरांत पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिजली खपत के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि देश में इस समय 274 गीगा वाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इस सीजन में अभी तक एक दिन में सर्वाधिक 270.8 गीगा वाट बिजली की खपत हुई थी। इस गर्मी के सीजन में संभवतः खपत का यह पीक था, जो अब आगे इससे कम रहने की संभावना है। इस प्रकार से देश में बिजली की इस समय कोई कमी नहीं है। भविष्य की जरूरतों के हिसाब से बिजली की उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा रहा है।

पेट्रोलियम पदार्थों के दामों की वृद्धि के संबंध में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही बयानबाजी के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर के संबंध में उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के युद्ध के बाद दुनिया के अधिकतर देशों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़े हैं। कुछ देशों में तो दोगुने तक भी दाम बढे हैं, इसलिए हमें इस वैश्विक परिस्थिति को समझना होगा। विपक्षी दल इस बारे में अनर्गल बयानबाजी करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता को वास्तविक परिस्थितियों का पता है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, जिला नगरायुक्त नीरज, मार्केट कमेटी चेयरमैन रविंद्र रॉकी, राजेंद्र सपरा, रामचंद्र गुप्ता, प्रवीण जैन, धर्मवीर रतेरिया, मनीष ऐलावादी, सतीश सुरलिया, सुरेंद्र सिंह सैनी, मंदीप मलिक, पीयूष मेहता, कृष्ण बिश्नोई, लोकेश असीजा, राहुल सैनी, दीपक अग्रवाल, सुरेश गोयल धूपवाला तथा विनोद तोषावड़ सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# देशी घी की दुकान में चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार, एक दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौंद

खांडा मोड़ पर करीब एक सप्ताह पहले अज्ञात चोरों ने घी की दुकान का शटर तोड़कर देशी घी चोरी कर मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को पकड़ने में सफलता हासिल की हैं। आरोपित की पहचान कश्मीर उर्फ गोगा निवासी वार्ड नंबर-2 राजनगर, टोहाना जिला फतेहाबाद के रूप में हुई हैं। जिसको अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे गहनता से पूछताछ कर चोरी किए गए सामान की बरामदगी तथा मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। मुख्य सिपाही विजय कुमार ने बताया कि देशी घी के विक्रेता रामअवतार निवासी नारनौंद ने थाना नारनौंद में शिकायत दी थी कि हांसी-जींद मार्ग स्थित खांडा मोड़ के पास उसकी घी की दुकान है उसका शटर तोड़कर अज्ञात व्यक्ति दुकान से 11 पेटी देशी घी चोरी कर ले गए थे। शिकायत प्राप्त होते ही थाना नारनौंद में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए नारनौंद टीम ने लगातार कार्रवाई करते हुए आरोपी कश्मीर उर्फ गोगा को काबू किया। आरोपित युवक से पूछताछ के आधार पर पुलिस अब चोरी किए गए सामान की बरामदगी तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में काफी महिलाएं भी घी को चोरी करती हुई नजर आ रही थी।

### पुलिस को दिया था अल्टीमेटम

चोरी की घटना को लेकर व्यापार मंडल के प्रधान प्रदीप ढांडा और दुकानदार 2 दिन पहले ही थाना प्रभारी से मिले थे और उन्होंने सोमवार तक का अल्टीमेटम दिया था कि सोमवार तक चोर नहीं पकड़े गए तो मंगलवार को मार्केट बंद करके थाना के सामने धरना लगाया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक को पकड़ लिया है।



**हिसार।** मुकाबला शुरू कराते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

### ग्रेपलिंग रेसलिंग में युवाओं ने दिखाया दमखम

**हिसार।** जिला हिसार ग्रेपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप का दो दिवसीय भव्य आयोजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेहबलपुर के कुश्ती हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। पहले दिन की शानदार शुरुआत के बाद दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन हुआ। पूरे हिसार जिले से लगभग 250 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर एवं वेटरन कैटेगरी के विभिन्न भार वर्गों में भाग लिया। दोनों दिनों खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन, दमदार तकनीक और जबरदस्त जोश का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य रूप से राजवीर सांगा, बाबा हिंदुस्तानी, सलीम सुलखनी, मनोज धारीवाल, मुकेश बेनीवाल, कुश्ती कोच रामनिवास यादव,रामेश्वर दास, महावीर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ग्रेपलिंग कमेटी हिसार के अध्यक्ष रण सिंह पवार ने कहा कि विजेता खिलाड़ी अब 13, 14 एवं 15 जून 2026 को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक में आयोजित होने वाली हरियाणा राज्य स्तरीय ग्रेपलिंग रेसलिंग चैंपियनशिप में हिसार जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# तेल के बढ़े दामों से महंगाई में और अधिक होगा इजाफा : चंद्रप्रकाश

- विभिन्न जिलों के कार्यकर्ताओं ने विधायक चंद्रप्रकाश से मुलाकात करके दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** विधायक चंद्रप्रकाश से मुलाकात करते विभिन्न जिलों के कार्यकर्ता व संगठन प्रतिनिधि।

आदमपुर से कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश ने देश व प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर असंतोष जताते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से जनता का जीना दूभर हो गया है। आम आदमी के लिए राशन तक खरीदना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल के लगातार बढ़ते दामों से महंगाई में और अधिक इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 दिनों में पेट्रोल व डीजल की कीमतों में चार बार बढ़ोतरी कर दी है। इसी भांति रसोई गैस के बढ़े हुए दामों से भी आम आदमी की समस्याएं बढ़ गई है। इससे भी बढक़र लोगों को रसोई गैस समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विधायक चंद्रप्रकाश अपने अवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उधर, विधायक चंद्रप्रकाश के प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन बनने के उपरांत शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है। जींद, करनाल, झज्जर, बहादुरगढ़, सोनीपत, हिसार, फतेहाबाद, बीकानेर व भादरा सहित विभिन्न जिलों से कई संगठनों के प्रतिनिधि व कार्यकर्ता विधायक चंद्रप्रकाश के हिसार स्थित आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात करते हुए बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश ने सभी संगठन प्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन की जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

# मानस ने एशियन फिजिक्स ओलंपियाड में कांस्य जीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



मानस

दिल्ली पब्लिक स्कूल के मेधावी छात्र मानस ने दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित एशियाई भौतिकी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि ने दिल्ली पब्लिक स्कूल और पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है।एशियाई भौतिकी ओलंपियाड विश्व की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रतियोगिताओं में से एक हैं। कठिन चयन प्रक्रिया और उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के बीच मानस ने अपनी असाधारण वैज्ञानिक समझ, विश्लेषणात्मक क्षमता और अथक परिश्रम के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। मानस की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है। विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने कहा कि मानस ने यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। उसकी सफलता प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा देती है। हमें उस पर अत्यंत गर्व है और विश्वास है कि वह भविष्य में भी नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। निदेशक निहाल सिंह ने अपने संदेश में कहा कि मानस ने अपनी प्रतिभा से यह साबित कर दिया है कि भारतीय विद्यार्थी वैश्विक मंच पर किसी से कम नहीं हैं।

# आपदा में व्यापारियों के साथ खड़ा रहेगा सर्व व्यापार मंडल : महावीर

- प्रताप बाजार अग्निकांड पीड़ितों की मदद के साथ संगठन विस्तार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



**हांसी।** मीटिंग में भाग लेते सर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

सर्व व्यापार मंडल की सोमवार को बजरंग आश्रम में प्रधान बजरंग दास बंसल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य प्रताप बाजार में रविवार को हुए अग्निकांड से प्रभावित व्यापारी परिवार की सहायता, संगठन को और मजबूत बनाना तथा व्यापारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर ठोस निर्णय लेना रहा। बैठक में संरक्षक मंडल के सदस्य महावीर लोहिया, रमेश भूटानी, कृष्ण अल्लाहाबादी और सुदर्शन सचदेवा सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सर्व व्यापार मंडल ने अग्निकांड से प्रभावित व्यापारी भाइयों हिमांशु नारूला और गौरव नारूला को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। यह सहायता राशि रविवार को सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में पीड़ित परिवार को सौंपी जाएगी।

### प्रशासन से की दो मांगें

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अग्निकांड पीड़ित परिवार को डीसी रिलीफ फंड से आर्थिक सहायता देने की मांग की जाएगी। साथ ही हांसी के सभी बाजारों का अगले सात दिनों के भीतर फायर सेफ्टी ऑडिट करवाने की भी मांग उठाई जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया कि सर्व व्यापार मंडल, हांसी का प्रत्येक व्यापारी हमारे परिवार का हिस्सा है और संगठन हर संकट की घड़ी में व्यापारियों के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहेगा।



**हिसार।** डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी सुमन कादयान व बलजीत की पुस्तकों का विमोचन करते हुए।

# डॉ. धर्मदेव ने किया सुमन कादयान व बलजीत की पुस्तकों का लोकार्पण

**हिसार।** हरियाणा कला संस्कृति मंच की ओर से कला भवन में वरिष्ठ लेखिका डॉ. सुमन कादयान की पुस्तक 'संस्कृति के पन्ने' तथा घुमक्कड़ साहित्यकार बलजीत सिंह की दो पुस्तकों 'गोवा से नेपाल तक' व 'पक्षियों के संसार में' का विमोचन हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने किया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान की अध्यक्षता में आयोजित इस पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अकादमी के निदेशक डॉ. धर्म देव विद्यार्थी थे। राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमेन नरेश सेलपाड़ व जम्भ शक्ति एनजीओ के अध्यक्ष विकास गोदारा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। डीएवी पब्लिक स्कूल, हांसी के प्राचार्य सुरेश कुमार विशेष आमन्त्रित अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने दोनों लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. सुमन कादयान की पुस्तक 'संस्कृति के पन्ने' हरियाणवी कला संस्कृति पर केंद्रित एक जरूरी व उपयोगी पुस्तक है। वहीं बलजीत सिंह की पुस्तक पक्षियों पर केंद्रित है तो दूसरी पुस्तक यात्राओं, पर्यटन स्थलों से संबंधित पठनीय व जानकारीपूर्ण है।

### जानलेवा हमला करने का तीसरा आरोपी काबू

**हिसार।** सदर पुलिस ने तलवंडी राणा में हुए जानलेवा हमले के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी तलवंडी राणा निवासी दीपक को हिसार के 12 क्वार्टर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल एवं डंडा भी बरामद किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें तलवंडी राणा निवासी अशोक व सुभाष शामिल है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में तलवंडी राणा निवासी राजेश ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उनके परिवार का चाचा सुभाष के परिवार के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है, जिसका मामला अदालत में विचाराधीन है। गत 13 मई को कृष्ण कुमार शर्मा खेत में काम कर रहा था।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## एचएयू के विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

# ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी

ऊर्जा संरक्षण से बिजली और पेट्रोल की होती है बचत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



**हिसार।** जागरूकता रैली को झंडी दिखाते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। आमजन को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और ईंधन की बचत के लिए निकाली गई जागरूकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. कम्बोज ने ईंधन की बचत के लिए आमजन से अनावश्यक बिजली खपत को कम करने, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने, ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने तथा संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। ऊर्जा संरक्षण से बिजली, पेट्रोल और डीजल पर होने वाला खर्च कम होता है जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होती है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई जागरूकता रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने 'ईंधन बचाओ देश बचाओ', 'ऊर्जा संरक्षण अपनाएं -उज्जवल भविष्य बनाएं' तथा 'कम ईंधन-स्वच्छ पर्यावरण' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह, एनएसएस अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा, डॉ. दीपक कौशिक आदि रहे।

### साइकिलिंग पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया



**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि साइकिलिंग न केवल शारीरिक व्यायाम में अत्यंत लाभदायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में भी उपयोगी है। साइकिलिंग को नियमित रूप से दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई 'संडे ऑन साइकिल' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर सेवानिवृत जिला खेल अधिकारी डॉ. बीआर गोयल, खेल निदेशालय के डीन प्रो. आशीष अग्रवाल एवं खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा उपस्थित रहे।

### एडीसी व सीटीएम ने किया निरीक्षण

**हांसी।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन व सीटीएम हिमांशु चौहान ने सोमवार को जिला सचिवालय परिसर में स्थित विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर कार्यालयों में चल रहे कार्यों, रिकॉर्ड रखरखाव तथा साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता तथा कार्य संस्कृति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं में जाकर रिकॉर्ड रजिस्टर, लंबित मामलों की स्थिति, दस्तावेजों के रख-रखाव तथा कार्यालयीन प्रक्रियाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने रिकॉर्ड को सुव्यवस्थित रखें।